# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के एक वर्ष

पन्तनगर। 28 अगस्त 2023। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय में अपना आज एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया। उनके द्वारा विश्वविद्यालय में योगदान देने के बाद एक वर्ष में संपादित किये गये महत्वपूर्ण कार्यों में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गत 2 वर्षों से लम्बित एक्रीडेशन का कार्य, गत पांच वर्षों से संकाय सदस्यों की प्रोन्नति लम्बित थी, को पूर्ण कराकर कुल 109 संकाय सदस्यों की प्रोन्नति की गयी। 6 से 7 वर्षों से शोध एवं प्रसार सलाहकार समितियों की बैठक नहीं हुई थी जोकि सम्पन्न कराया गया जिससे कि शोध एवं प्रसार कार्यों में गति लाई जा सके। 34वें दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें 2503 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी क्योंकि कोरोना के चलते पिछले दो वर्षों से विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान नहीं की गयी थी। उनके एवं एन.डी.आर.आई., करनाल के वैज्ञानिकों द्वारा तीन वर्षों के प्रयासों से गिर गाय में क्लोन द्वारा विकसित गाय की बछिया पैदा हुई जिसका नाम 'गंगा' रखा गया। कुलपति जी के निर्देशन में तथा वैज्ञानिकों की सहयोग से शैक्षणिक डेयरी फार्म नगला की गायों के खान–पान में बदलाव करके पिछले वर्षों की तुलना में दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी की गयी। उनके द्वारा जी–20 के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज की रामनगर में आयोजित बैठक में मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के बारे में 'वन हेल्थ' कान्सेप्ट पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखा गया। गांधी हाल में उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति की अध्यक्षता में विदेश मंत्रालय से एम्बेसडर एल सावित्री ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय एवं सुशासन उत्प्रेरण केंद्र का शुभारम्भ किया जिससे विश्वविद्यालय के समस्त पत्राचार, कार्यालयीय कार्यों का सुचारू संचालन हो। खरीफ एवं रबी में आयोजित होने वाले दो किसान मेलों का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया जिसमें उनका किसानों को मिलने वाले उच्च गुणवत्तायुक्त बीज, सुलभता एवं तकनीकी की जानकारी पर विशेष जोर रहा है। उनके अथक प्रयास से विश्वविद्यालय में क्षतिग्रस्त पड़े प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण एवं मरम्मत कार्य करवाया गया। उनके द्वारा प्रथम बार विश्वविद्यालय में हरेला पर्व धूम–धाम से मनाया गया और छात्रावासों से लेकर विभिन्न महाविद्यालयों और हरेला पार्क में वृक्षारोपण का कार्य सम्पन्न हुआ। सामुदायिक रेडियो *पंतनगर जनवाणी* के कार्यक्रम *दादी मां का बटुआ* को 9वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार (तृतीय) से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की दो छात्राओं को चयन आईएएस परीक्षा में हुआ है। महामहिम राज्यपाल के निर्देशन पर आईएएस में जाने वाले विद्यार्थियों को सपोर्ट देने हेतु सुपर 39 सेंटर की स्थापना की गयी। उन्होंने 'अन्तर्राष्ट्रीय मोटे अनाज 2023' के बारे में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के संदर्भ में कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को मोटे अनाजों को पौष्टिक आहार के रूप में उगाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया। अन्तर्राष्ट्रीय मोटे अनाज 2023 में मोटे अनाज के बारे में जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने हेतु विश्वविद्यालय प्रागंण में पोस्टर लगाए गए। विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता एवं निदेशकगण, संकाय सदस्य तथा विद्यार्थियों के साथ उन्होंने चन्द्रयान–3 के चन्द्रमा पर लैंडिंग के ऐतिहासिक क्षण को उत्साहपूर्वक देखा। विश्वविद्यालय के शोध आधारित उपलब्धियों के पेटेन्ट हेतु बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन केन्द्र का सुदृढ़ीकरण किया गया और उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिक उत्तराखण्ड बायोटेक्नोलाजी बोर्ड के सहयोग से पेटेन्ट सूचना केन्द्र को स्थापित किया जा रहा है। उनकी अध्यक्षता में पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम 2001 विषय पर कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें अध्यक्ष पीपीवीएण्डएफआरए, भारत सरकार एवं पूर्व सचिव डेयर तथा महानिदेशक आईसीएआर डा. त्रिलोचन महापात्रा उपस्थित हुए। उन्होंने शैक्षणिक डेरी फार्म नगला पर विश्व दुग्ध दिवस 2023 का आयोजन हुआ। कई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शोध/शैक्षणिक संस्थानों के साथ एम.ओ.यू हस्तान्तरित किये गए। विश्वविद्यालय की 200 एकड़ बंजर भूमि पर विश्वविद्यालय एवं सेंचुरी पल्प एण्ड पेपर लालकुआं के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ जिससे विश्वविद्यालय की आय होगी। कृषि महाविद्यालय प्रागंण में 1972 बैच के कृषि महाविद्यालय के एल्यूमिनाई द्वारा हर्षोल्लास के साथ उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस सप्ताह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन कराया गया। विश्वविद्यालय के एल्यूमिनाई एसोसिएशन (4ए) द्वारा एल्यूमिनाई मीट का आयोजन कराया गया। उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, द्वारा नॉरमन ई. बोरलॉग फसल अनुसंधान केन्द्र पर जनरल बिपिन रावत पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय का लोकार्पण कर उसके उपरान्त स्टीवेंशन स्टेडियम में व्यायामशाला का उद्घाटन किया और इसके साथ ही गौरा देवी प्रशिक्षण केन्द्र, प्रसार शिक्षा निदेशालय का शिलान्यास किया गया। विश्वविद्यालय के व्यावहारिक फसल उत्पादन केन्द्र (पी.सी.पी.) में विद्यार्थियों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा धान की पौध रोपाई का कार्य किया गया। आईडीपी नाहेप के अंतर्गत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विदेशों में शैक्षणिक भ्रमण हेतु भेजा गया। प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं समेटी उत्तराखण्ड के माध्यम से कृषकों हेतु

विभिन्न गोष्ठियों का आयोजन किया गया। संचार निदेशालय द्वारा विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित समाचार प्रिंट मीडिया को भेजे गए, जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए, और गतिविधियों के वीडियो संचार निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालय के यू–ट्यूब चैनल (पंतनगर टीवी) पर अपलोड किए गए। इसके अलावा कम्युनिटी रेडियो स्टेशन (पंतनगर जनवाणी), द्वारा किसानों और युवाओं के लाभ के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ–साथ उनके स्वयं के शैक्षणिक योगदान हेतु उनको डॉक्टर आफ साइंस (*हानरिस कॉज़ा*) की मानद उपाधि से राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में सम्मानित किया। गत वर्ष में गाय एवं भैसों मे क्लोनिंग के क्षेत्र में किये गये योगदान को लिम्का बुक आफ रिकार्ड में स्थान प्राप्त हुआ तथा सुप्रसिद्ध शोध जनरल 'करेन्ट साइंस' के मुख्य पृष्ठ पर भी इसको स्थान मिला। ग्रेटर नोएडा में आयोजित विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन 2022 में सत्र–17 की उन्होंने अध्यक्षता की। विश्वविद्यालय में आयोजित हुए खेल–कूद में विद्यार्थियों को उन्होंने प्रोत्साहित किया।

**बाक्स–1 में**

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ–साथ उनके स्वयं के शैक्षणिक योगदान हेतु उनको डॉक्टर आफ साइंस (*हानरिस कॉज़ा*) की मानद उपाधि से राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में सम्मानित किया। गत वर्ष में गाय एवं भैसों मे क्लोनिंग के क्षेत्र में किये गये योगदान को लिम्का बुक आफ रिकार्ड में स्थान प्राप्त हुआ तथा सुप्रसिद्ध शोध जनरल 'करेन्ट साइंस' के मुख्य पृष्ठ पर भी इसको स्थान मिला। ग्रेटर नोएडा में आयोजित विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन 2022 में सत्र–17 की उन्होंने अध्यक्षता की। विश्वविद्यालय में आयोजित हुए खेल–कूद में विद्यार्थियों को उन्होंने प्रोत्साहित किया।

**बाक्स–2 में**

विश्वविद्यालय में योगदान देने के बाद एक वर्ष में संपादित किये गये महत्वपूर्ण कार्यों में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गत 2 वर्षों से लम्बित एक्रीडेशन का कार्य, गत पांच वर्षों से संकाय सदस्यों की प्रोन्नति लम्बित थी, को पूर्ण कराकर कुल 109 संकाय सदस्यों की प्रोन्नति की गयी। 6 से 7 वर्षों से शोध एवं प्रसार सलाहकार समितियों की बैठक नहीं हुई थी जोकि सम्पन्न कराया गया जिससे कि शोध एवं प्रसार कार्यों में गति लाई जा सके। 34वें दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें 2503 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी क्योंकि कोरोना के चलते पिछले दो वर्षों से विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान नहीं की गयी थी। उनके एवं एन.डी.आर.आई., करनाल के वैज्ञानिकों द्वारा तीन वर्षों के प्रयासों से गिर गाय में क्लोन द्वारा विकसित गाय की बछिया पैदा हुई जिसका नाम 'गंगा' रखा गया।



*कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

निदेशक संचार